बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विज्ञापन क्रमांक 1595 / प्रशा. / विज्ञापन / बैकलॉग / 2021 भोपाल दिनांक 13 / 10 / 2021

विज्ञापन

आरक्षित वर्ग के रिक्त शैक्षणिक पदों (बैकलॉग) पर सीधी भर्ती

(वेबसाईट www.bubhopal.ac.in)

विश्वविद्यालय कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि 29 / 10 / 2021

पूर्व में विज्ञापन क्रमांक 498 / प्रशा. / विज्ञापन / बैकलॉग / 2021 दिनांक 06 / 03 / 2021 के द्वारा बैकलॉग के रिक्त शैक्षणिक पदों की पूर्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

अब, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (U.G.C.) द्वारा भारत के राजपत्र दिनांक 12.10.2021 में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक F–9–1 / 2010 (PS/MISC) Pt. Vol- II दिनांक 11.10.21 के द्वारा "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षको और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ तथा उच्चतर शिक्षा में मानको के रख–रखाव हेतु उपाय) संबंधी विनियम 2018" की कंडिका 3.10 को संशोधित करते हुए "विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शिक्षको और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्युनतम अर्हताएँ तथा उच्चतर शिक्षा में मानको के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी संशोधित विनियम 2021 जारी किया गया हैं। संशोधित प्रावधान निम्नानुसार हैं:–

3.10–" दिनांक 01 जुलाई 2023 से विश्वविद्यालयों के विभागों में सहायक प्राध्यापक के पद पर सीधी भर्ती के लिए पी.एच.डी. उपाधि अनिवार्यता होगी।"

उपरोक्त संशोधित प्रावधान अनुसार नीचे दी गई तालिका में उल्लेखित केवल सहायक प्राध्यापक (Assistant Professor) के पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

विज्ञापित पद

स. क्र.	विभाग का नाम	सहायक प्राध्यापक (रिक्त पद–07) सांतवें वेतनमान में लेवल : 10 (15,600–39100+6000–एजीपी)			कुल पद	विषय
		अ.पि.वर्ग	अ.जा.	अ.ज.जा.		
1	भू–विज्ञान	—	—	1*	1	भू–विज्ञान
2	विधि विभाग	—	—	1	1	विधि
3	माइक्रोबायोलांजी	—	—	1	1	माइक्रोबायोलांजी
4	फारसी	1	—	—	1	फारसी
5	भौतिक	—	1	—	1	भौतिक
6	मनोविज्ञान	—	—	1	1	मनोविज्ञान
7	आरपीईजी	—	1*	—	1	सहायक प्राध्यापक– अर्थशास्त्र
	महायोग	1	2	4	7	

नोट– 1. अ.पि.वर्ग–अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.जा–अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.–अनुसूचित जनजाति।

2. (*) महिलाओं के लिये आरक्षित।
3. मध्यप्रदेश के सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी किया गया अद्यतन जाति प्रमाण–पत्र धारित करने वाले अभ्यार्थी ही आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।
4. म.प्र. शासन के नियमानुसार निःशक्तजनों को आरक्षण का लाभ दिया जावेगा।
5. वेबसाईट पर उपलब्ध पंजीयन पत्र को ऑनलाईन भरना एवं शुल्क जमा करना अनिवार्य है। इस पंजीयन पत्र की प्रति विस्तृत आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यता संलग्न किया जावे।
6. पूर्व विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन कर चुके अभ्यार्थियों को पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नही है, किन्तु यदि कोई अभ्यार्थी संशोधित आवेदन प्रस्तुत करना चाहे तो पूर्व पंजीकरण के तारतम्य में संशोधित आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।
7. विस्तृत विवरण , शर्तें, ऑनलाईन पंजीयन की लिंक एवं आवेदन पत्र का प्रारूप आदि विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.bubhopal.ac.in** पर उपलब्ध हैं।
8. निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आवश्यक प्रमाण–पत्र अंकसूची आदि की छायाप्रतियों के साथ कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल–462026 के कार्यालय में दिनांक 29.10.2021 तक व्यक्तिशः / स्पीडपोस्ट / रजिस्टर्ड डाक द्वारा कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जाएँगे। डाक में विलम्ब का दायित्व विश्वविद्यालय का नही होगा।
9. लिफाफे पर "बैकलॉग के रिक्त शैक्षणिक पद हेतु आवेदन" अंकित होना चाहिए तथा लिफाफा कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल–462026 के पते पर प्रेषित किया जाना चाहिए।

कुलसचिव